
स्वशासी राज्य चिकित्सा
जो अन्न दे वह अन्नदाता,
जो धन दे वह धनदाता,
जो विद्या दे वह विद्यादाता,
पर जो रक्त दे वह जीवनदाता...
SERVED


OPPO F15
2026/05/01 11:44


जो विद्या दे वह विद्यादाता,
पर जो रक्त दे वह जीवनदाता...
रक्तकेन्द्र, ललितपुर
DEHDAN CHARITABLE TRUST, LALITPUR (U.P


OPPO F15
2026/05/01 11:43



रक्तकेन्द्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
प्रशस्ति-पत्र
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर
शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट, ललितपुर
प्रशस्ति-पत्र
LABTOP
1901


रक्तदान!
महादान!
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/राज्य रक्त संचरण परिषद उ०प्र०
रक्तकेन्द्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
प्रशस्ति-पत्र
प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु०/संस्था DHRUV SAHU (TEACHER) ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में रक्तकेन्द्र हेतु दिनांक ........ को स्वैच्छिक रक्तदान करके मानव जीवन की रक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया है।
हम आपके द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आपके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।



# बुद्ध पूर्णिमा पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की अनूठी पहल

## एक फोन कॉल पर रक्तदाता होंगे हाजिर



**पहल टुडे,अजय बरया**

ललितपुर। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर जनपद में मानव सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने बताया कि जिले के कैंसर, किडनी फेलियर (डायलिसिस) मरीजों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रसूता महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की गई तथा समर्पित रक्तदाताओं का विशेष समूह तैयार किया है, जो मात्र एक फोन कॉल पर तत्काल रक्तदान के लिए उपस्थित होंगे।कार्यक्रम में ट्रस्ट ने घोषणा की कि जिले के कैंसर एवं किडनी फेलियर मरीजों को आजीवन रक्त उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संस्था ने अपने स्तर पर उठाई है। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि जरूरत मंद मरीजों को रक्त के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और समय रहते उन्हें जीवन रक्षक सहायता मिल सके।शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ सदर सुनील कुमार तथा अध्यक्षता कर रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में डॉ. मनीष गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे प्रयास जीवन बचाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देते हैं।रक्तदान शिविर में कुल 10 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें से 3 यूनिट रक्तदान मौके पर ही जरूरत मंदों को दिया गया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा 22 से अधिक समर्पित रक्तदाताओं को ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत किया गया। इन सभी रक्तदाताओं ने संकल्प लिया कि जरूरत पड़ने पर दिन हो या रात, वे तुरंत रक्तदान के लिए उपलब्ध रहेंगे। ट्रस्ट की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।ब्लड बैंक टीम से डॉ. प्रिया जैन, डॉ. विमल यादव, सुश्री जया, सुश्री रेखा, सुश्री प्रीति, सूरज सिंह, आशीष गोस्वामी, मनोज कुमार, आकाश, प्रीतम, अजय प्रताप एवं उमाकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।ट्रस्ट कमेटी से महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, राजपाल फौजी, जगजीत सिंह बॉबी, धनंजय यादव (जिला पंचायत), वंदना मेहता, डॉ. पूरन सिंह, हरीश कपूर टीटू, अनिल साहू, परवेज पठान, देवकीनंदन साहू, आशीष साहू, आचार्य जी, ई. चन्द्रशेखर अहिरवार एवं पुरुषोत्तम दास (शिक्षक) सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत रक्तदाताओं में प्रमोद मेहता, ध्रुव साहू, उवेश बारी, सौरभ पटेल, प्रताप यादव एडवोकेट, रामकुमार कुशवाहा, श्रीमती तजिंदर कौर, जगजीत सिंह बॉबी, आगम जोत सिंह, रोहित जैन, सुषमा साध, आदर्श साध, मयंक निरंजन, पत्रकार अमित लखेरा, देवेन्द्र साहू, समीर खान, ममता राजपूत, चंचल साहू, मनू साहू, राजकुमार खजुरिया, छोटे लाल साहू, रविन्द्र साहू, हर्ष गौड़, देवेन्द्र सिंह चौहान एडवोकेट, जुगराज साहू, राकेश सेन, कमलेश साहू, नरेंद्र साहू, नरेन्द्र सिंह चौहान, चंद्रवती गौतम, राजकिशोर गौतम एवं सजल जैन शामिल रहे।शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की यह पहल निश्चित रूप से जनपद में जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी और समाज को रक्तदान जैसे महादान के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# रक्त के लिए कैंसर, किडनी रोगियों को लिया गोद, एक फोन कॉल पर हाजिर होंगे रक्तवीर



फोटो जागरण

ललितपुर : रक्तवीरों को सम्मानित करते सीएमओ।

- बुद्ध पूर्णिमा पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रस्तुत की मानवसेवा की अनूठी पहल

**ललितपुर ब्यूरो** : बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर जनपद में सेवा का एक नया अध्याय लिखा गया। 'शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट' ने इस अवसर पर न केवल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, बल्कि जिले के गम्भीर मरीजों के लिए एक ऐसी जीवनरक्षक प्रणाली तैयार की है जो आपातकाल में 'संजीवनी' का काम करेगी।

ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने घोषणा की कि जिले के कैंसर, किडनी फेलियर (डायलिसिस) के मरीजों और प्रसूता महिलाओं को रक्त की कमी के कारण अब भटकना नहीं पड़ेगा। संस्था ने इन मरीजों को आजीवन रक्त उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी लेते हुए उन्हें 'गोद' लिया है।

इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता ऑन कॉल ब्लड डोनर समूह का गठन रहा, जिसमें 22 से अधिक समर्पित रक्तदाताओं (रक्तवीरों) ने अपना पंजीकरण कराया। इन रक्तदाताओं ने शपथ ली, कि दिन हो या रात, केवल एक फोन कॉल पर वह जरूरतमन्दों के लिए तत्काल अस्पताल पहुँचकर रक्तदान करेंगे। सेवा के इस जज्बे को देखते हुए ट्रस्ट ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीओ सदर सुनील कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रतिनिधि डॉ.मनीष गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में 10 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। संग्रहित रक्त में से 3 यूनिट मौके पर ही जरूरतमंद मरीजों को प्रदान कर राहत पहुँचाई गई। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि समाज में ऐसे प्रयास न केवल जीवन बचाते हैं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का एक सशक्त संदेश भी देते हैं। बुविंसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि एक कॉल पर रक्तदान का संकल्प उन परिवारों के लिए बड़ी उम्मीद लेकर आया है जो आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट कमिटि के महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, राजपाल फौजी, जगजीत सिंह बॉबी, धनंजय यादव, वन्दना मेहता, डॉ. पूरन सिंह, हरीश कपूर टीटू, अनिल साहू सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालीं।

## इनकी रही सराहनीय भूमिका

ब्लड बैंक टीम के डॉ. विमल यादव, जया, रेखा, प्रीति, सूरज सिंह, आशीष गोस्वामी और उनकी पूरी टीम।

## महादान में आगे यह रक्तवीर

प्रमोद मेहता, ध्रुव साहू, उवेश बारी, सौरभ पटेल, प्रताप यादव एडवोकेट, तजिन्दर कौर, आगम जोत सिंह, रोहित जैन, अमित लखेरा और ममता राजपूत आदि।

RNI No : UPHIN/2012/49131
वर्ष 15, अंक 03
सुलतानपुर, रविवार 03 मई 2026
पृष्ठ 8, मूल्य ₹ 1

Follow us on:

संस्थापक : श्री मस्तराम मिश्रा

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अवध की जंग

नई दिल्ली व लखनऊ से संचालित सुल्तानपुर से प्रकाशित मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार सहित उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, अयोध्या, आगरा, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, अमेठी, अमरोहा, औरैया, बिजनौर, बलिया, बलरामपुर, भदोही, बदायूं, बाराबंकी, बस्ती, बरेली, बहराइच, बागपत, बुलंदशहर, बांदा, चित्रकूट, चंदौली, देवरिया, इटावा, एटा फर्रुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, गौतम बुद्ध नगर, गोंडा, गाजीपुर, हाथरस, हमीरपुर, हरदोई, हापुड़, जौनपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, कानपुर नगर, कन्नौज, कौशांबी, कासगंज, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, मुजफ्फरनगर, महोबा, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मेरठ, मऊ, महाराजगंज, मथुरा, मैनपुरी, प्रयागराज, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रायबरेली, रामपुर सोनभद्र, शामली, सहारनपुर, सम्भल, सीतापुर, संत कबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, उन्नाव, वाराणसी से प्रसारित

# बुद्ध पूर्णिमा पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की अनूठी पहल

**@ एक फोन कॉल पर रक्तदाता होंगे हाजिर**

**@ कैंसर व किडनी मरीजों को रक्तदान हेतु लिया गोद**



कार्यक्रम में ऑन कॉल डोनर को सम्मानित करते सीएमओ

**अवध की जंग (ब्यूरो)**

**ललितपुर।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर जनपद में मानव सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। ट्रस्ट संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने बताया कि जिले के कैंसर, किडनी फेलियर (डायलिसिस) मरीजों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रसूता महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की गई तथा समर्पित रक्तदाताओं का विशेष समूह तैयार किया है, जो मात्र एक फोन कॉल पर तत्काल रक्तदान के लिए उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में ट्रस्ट ने घोषणा की कि जिले के कैंसर एवं किडनी फेलियर मरीजों को आजीवन रक्त उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संस्था ने अपने स्तर पर उठाई है। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि जरूरत मंद मरीजों को रक्त के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और समय रहते उन्हें जीवन रक्षक सहायता मिल सके। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ सदर सुनील कुमार तथा अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में डा.मनीष गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे प्रयास जीवन बचाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देते हैं। रक्तदान शिविर में कुल 10 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें से 3 यूनिट रक्तदान मौके पर ही जरूरतमंदों को दिया गया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा 22 से अधिक समर्पित रक्तदाताओं को ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत किया गया। इन सभी रक्तदाताओं ने संकल्प लिया कि जरूरत पडने पर दिन हो या रात, वे तुरंत रक्तदान के लिए उपलब्ध रहेंगे। ट्रस्ट की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक टीम से डा.प्रिया जैन, डा.विमल यादव, सुश्री जया, सुश्री रेखा, सुश्री प्रीति, सूरज सिंह, आशीष गोस्वामी, मनोज कुमार, आकाश, प्रीतम, अजय प्रताप एवं उमाकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट कमेटी से महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, राजपाल फौजी, जगजीत सिंह बॉबी, धनंजय यादव (जिला पंचायत), वंदना मेहता, डा.पूरन सिंह, हरीश कपूर टीटू, अनिल साहू, परवेज पठान, देवकीनंदन साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, ई.चन्द्रशेखर अहिरवार एवं पुरुषोत्तम दास (शिक्षक) सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत रक्तदाताओं में प्रमोद मेहता, ध्रुव साहू, उवेश बारी, सौरभ पटेल, प्रताप यादव एड., रामकुमार कुशवाहा, तजिंदर कौर, जगजीत सिंह बॉबी, आगम जोत सिंह, रोहित जैन, सुषमा साध, आदर्श साध, मयंक निरंजन, पत्रकार अमित लखेरा, देवेन्द्र साहू, समीर खान, ममता राजपूत, चंचल साहू, मनू साहू, राजकुमार खजुरिया, छोटे लाल साहू, रविन्द्र साहू, हर्ष गौड़, देवेन्द्र सिंह चौहान एड., जुगराज साहू, राकेश सेन, कमलेश साहू, नरेंद्र साहू, नरेन्द्र सिंह चौहान, चंद्रवती गौतम, राजकिशोर गौतम एवं सजल जैन शामिल रहे। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की यह पहल निश्चित रूप से जनपद में जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी और समाज को रक्तदान जैसे महादान के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बुद्ध पूर्णिमा पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की अनूठी पहल

## एक फोन कॉल पर रक्तदाता होंगे हाजिर, कैंसर व किडनी मरीजों को रक्तदान हेतु लिया गोद



ललितपुर (एस.बी.न्यूज)। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर जनपद में मानव सेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आया। ट्रस्ट संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू ने बताया कि जिले के कैंसर, किडनी फेलियर (डायलिसिस) मरीजों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रसूता महिलाओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की गई तथा समर्पित रक्तदाताओं का विशेष समूह तैयार किया है, जो मात्र एक फोन कॉल पर तत्काल रक्तदान के लिए उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में ट्रस्ट ने घोषणा की कि जिले के कैंसर एवं किडनी फेलियर मरीजों को आजीवन रक्त उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी संस्था ने अपने स्तर पर उठाई है। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि जरूरत मंद मरीजों को रक्त के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और समय रहते उन्हें जीवन रक्षक सहायता मिल सके। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ सदर सुनील कुमार तथा अध्यक्षता कर रहे सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रतिनिधि के रूप में डा.मनीष गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे प्रयास जीवन बचाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देते हैं। रक्तदान शिविर में कुल 10 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसमें से 3 यूनिट रक्तदान मौके पर ही जरूरतमंदों को दिया गया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा 22 से अधिक समर्पित रक्तदाताओं को ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत किया गया। इन सभी रक्तदाताओं ने संकल्प लिया कि जरूरत पड़ने पर दिन हो या रात, वे तुरंत रक्तदान के लिए उपलब्ध रहेंगे। ट्रस्ट की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लड बैंक टीम से डा.प्रिया जैन, डा.विमल यादव, सुश्री जया, सुश्री रेखा, सुश्री प्रीति, सूरज सिंह, आशीष गोस्वामी, मनोज कुमार, आकाश, प्रीतम, अजय प्रताप एवं उमाकांत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट कमेटी से महेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला, राजपाल फौजी, जगजीत सिंह बॉबी, धनंजय यादव (जिला पंचायत), वंदना मेहता, डा.पूरन सिंह, हरीश कपूर टीटू, अनिल साहू, परवेज पठान, देवकीनंदन साहू, आशीष साहू, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, ई.चन्द्रशेखर अहिरवार एवं पुरुषोत्तम दास (शिक्षक) सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। ऑन कॉल ब्लड डोनर के रूप में पंजीकृत रक्तदाताओं में प्रमोद मेहता, ध्रुव साहू, उवेश बारी, सौरभ पटेल, प्रताप यादव एड., रामकुमार कुशवाहा, तजिंदर कौर, जगजीत सिंह बॉबी, आगम जोत सिंह, रोहित जैन, सुषमा साध, आदर्श साध, मयंक निरंजन, पत्रकार अमित लखेरा, देवेन्द्र साहू, समीर खान, ममता राजपूत, चंचल साहू, मनू साहू, राजकुमार खजुरिया, छोटे लाल साहू, रविन्द्र साहू, हर्ष गौड़, देवेन्द्र सिंह चौहान एड., जुगराज साहू, राकेश सेन, कमलेश साहू, नरेंद्र साहू, नरेन्द्र सिंह चौहान, चंद्रवती गौतम, राजकिशोर गौतम एवं सजल जैन शामिल रहे। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की यह पहल निश्चित रूप से जनपद में जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी और समाज को रक्तदान जैसे महादान के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।